तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 30 दिसंबर 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



12 महिला उत्पीड़न पर वाल्मीकि कालेज में...





12 अंजरेल मुद्दा गरमाया, जनप्रतिनिधियों और ...




## खबर संक्षेप



### खरथा में राज्य वॉलीबाल स्पर्धा का हुआ आयोजन

**चारामा।** विकासखंड चारामा के ग्राम खरथा में उमंग युवा मंडल टॉप जोन क्लब के तात्वधान में वार्षिक मेला व नववर्ष के अवसर पर राज्यस्तरीय दो दिवसीय डे नाईट वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 28 एवं 29 दिसंबर को हुआ। मुख्य अतिथि पुष्पा जुर्री सरपंच खरथा, विशेष अतिथि अंजोर सिंह नेताम अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, अजीत सोम, कृपाराम साहू, सहदेव निषाद, जोहन साहू, हिरामन मरकाम, बलीराम साहू, प्रेमूराम जुर्री, लोकनाथ जुर्री एवं समस्त ग्रामवासी, पंचगण की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयोजक समिति के योगीराज जुर्री, उत्तम जुर्री, तरुण नाग, सौरभ जुर्री, चुम्मन जुर्री, चंद्रभान जुर्री, अभिषेक कुंजाम, दीपेंद्र जुर्री, योगेंद्र नेताम, खेमलाल साहू, राकेश जुर्री, असवन कुंजाम, तनुज नाग, बीरेंद्र बढ़ाई आदि उपस्थित रहे।

### जरूरतमंद परिवारों को वितरित किया कंबल



**चारामा।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी एवं युवा शक्ति समाज सेवी संस्था के संयुक्त तत्वाधान में चिन्हांकित परिवार को कंबल वितरण कर ठंड से थोड़ा निजात पाने में मदद के लिए योगदान दिया गया। दोनो संस्थाएं कई वर्षों से सेवाभावी कार्यों में अपना सेवा दे रही हैं। इस कार्य के अलावा संस्थाओं के द्वारा रक्तदान, गौवंश सेवा, जरूरत मंद परिवार का अनेक प्रकार से सहायता, लावारिश लाशों का अंतिम संस्कार, मुक्तिधाम में लकड़ी कंडा की व्यवस्था करते आ रहे हैं। इस अवसर पर दोनो समितियों के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में युवक की हुई मौत

**कांकेर।** कोड़ेकुर्सी थानांतर्गत गुरदाटोला निवासी 22 वर्षीय मिनेश गावड़े का सड़क दुर्घटना में 28 दिसंबर को मौत हो गया। कोड़ेकुर्सी निवासी मनटूराम ने पुलिस को बताया कि मृतक को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आया था, जिसके कारण उसका मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### इलाज के दौरान हुई तीन लोगों की मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 30 निवासी 19 वर्षीय जीत मंडल का ईलाज के दौरान 5 अगस्त को रायपुर के मेकाहरा अस्पताल में मौत हो गया। छोटे कापसी निवासी 28 वर्षीय बिलास मंडल को ईलाज के लिए रायपुर के मेकाहरा अस्पताल में भर्ती किया गया था, जिसका ईलाज के दौरान 6 सितंबर को मौत हो गया। गोण्डाहूर निवासी 17 वर्षीय अंजली मंडल का ईलाज के दौरान 29 जून को ईलाज के दौरान रायपुर के मेकाहरा अस्पताल में मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### पिछड़ा वर्ग के महाबंद को मिला समर्थन

**दुर्गुकोंदल।** सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के बस्तर संभाग साहित छत्तीसगढ़ के 10 जिलों में आयोजित होने वाले 30 दिसंबर के महाबंद को बसपा ने समर्थन दिया है। बहुजन समाज पार्टी पूर्ण रूप से समर्थन करती है। बसपा नेता ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस और भाजपा की सरकार दोनो ने ही अन्य पिछड़ा वर्ग को धोखा देने का कार्य किया है।

# मतदाता सूची की मेहनत पर फिरा पानी, अब 15 दिन के अंदर अंतिम प्रकाशन

## राज्य निर्वाचन आयोग ने 27 दिसंबर को जारी किया संशोधित आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नगरीय और पंचायत चुनाव का इंतजार कर रहे लोगों के लिए बडी खबर सामने आई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा फिर से मतदाता सूची तैयार किए जाने का कार्यक्रम जारी करने के बाद एक बार फिर माथापच्ची करनी होगी। यानि अक्टूबर व नवंबर माह में किए गए प्रारंभिक और अंतिम प्रकाशन की सूची पर पानी फिर गया है।

विगत शुक्रवार 28 दिसंबर को देर रात आयोग ने एक आदेश जारी कर पंचायत और नगरीय निकाय के लिए मतदाता सूची फिर से तैयार किए जाने के निर्देश के बाद राजनीतिक गलियारों में खलबली मच गई हैं। इस नए फरमान को द्वितीय चरण के नाम से जारी किया गया है, जिस पर गौर करे तो महज 15 दिन के अंदर निकाय और पंचायत का एक साथ प्रारंभिक प्रकाशन और अंतिम प्रकाशन की तिथि निर्धारित की गई हैं। पिछले दिनों राज्य से लेकर जिला निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के प्रारंभिक और अंतिम प्रकाशन व आरक्षण की तिथि को लेकर (दो-दो बार बदले तारीख) जमकर उथल-पुथल मची रही। अंत में राज्य निर्वाचन आयोग ने पूरा कार्यक्रम ही बदल दिया। जानकारों की माने तो पूर्व में नाम जोड़ने की अर्हता एक जनवरी 2024 से बढाकर एक अक्टूबर 2024 तक निर्धारित की गई थी। हर तीन-तीन माह में नाम जोड़ने के नियम के अनुसार जनवरी में चार माह हो जाता। यही कारण है कि, एक जनवरी से पहले ही पुनः मतदाता सूची कार्यक्रम जारी करना पड़ गया, इधर शुक्रवार 28 दिसंबर को आदेश के वायरल होने के बाद जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की होश उड़ गए। जनप्रतिनिधियों को अब फिर से निर्वाचन नामावली के लिए एक्सरसाइज करना पडेगा।

### पहले एक माह में हुई थी प्रक्रिया

पूर्व में निकायों के मतदाता सूची तैयार करने के लिए 16 अक्टूबर को प्रारंभिक प्रकाशन किया गया था, वही 22 नवंबर 2024 को अंतिम प्रकाशन कर दिया गया था। हांलाकि बाद में अंतिम प्रकाशन 11 दिसंबर कर दिया गया था। वहीं पंचायत चुनाव के लिए प्रारंभिक प्रकाशन बढाकर 13 दिसंबर कर दिया गया था। नए आदेश में सिर्फ 15 दिन के अंदर प्रारंभिक और अंतिम प्रकाशन किया जाना है।




### एक साथ होंगे निकाय और पंचायत के कार्यक्रम

निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 31 दिसंबर, दावे, आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख 6 जनवरी 2025 अपरान्ह 3 बजे तक, निपटारे की अंतिम तारीख 9 जनवरी 2025, निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील की अंतिम तारीख निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर, निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2025 को होगा।

## हड़ताल : ऑनलाइन काम के बहिष्कार से बढ़ी लोगों की परेशानी

# पटवारियों का बहिष्कार आंदोलन जारी नामांतरण और दुरूस्तीकरण कार्य ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- पटवारी 16 दिसंबर से ऑनलाइन कार्य का कर चुके हैं बहिष्कार, 15 दिन हुए पूरे
- सरकार ने इस समस्या के निदान के लिए अभी तक नहीं उठाया ठोस कदम

पटवारियों के ऑनलाइन काम का बहिष्कार किए जाने के कारण तहसील कार्यालयों में राजस्व संबंधी कामकाज पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है। अपनी मांगों को मनवाने के लिए जिलेभर के पटवारियों ने 16 दिसंबर से ऑनलाइन काम करना बंद कर दिया है, जिसके कारण लोगों के राजस्व संबंधी काम भी हो नहीं पा रहे हैं। कांकेर जिले में पटवारियों द्वारा ऑनलाइन काम नहीं किए जाने के कारण नामांतरण के सैकड़ो प्रकरण पेंडिंग हैं। यह आंकड़ा लगातार बढ़ता ही जा रहा है।




हरिभूमि ने पटवारियों के ऑनलाइन काम के बहिष्कार किए जाने से तहसील कार्यालय में कामकाज कितना प्रभावित हो रहा है, इसकी पड़ताल किया और पीड़ितो और पटवारियों से बात किया। इससे पता चला कि नामांतरण और दुरुस्तीकरण का काम पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है, पर न्यायलयीन प्रकरणों में सुनवाई पर इसका प्रभाव नहीं पड़ा है। तहसील न्यायालयों में पेंडिंग और नए आने वाले प्रकरणों पर सुनवाई की जा रही है। तहसीलदारों ने बताया कि पटवारियों के आँनलाईन काम बंद करने से आँनलाईन काम प्रभावित हो रहे है, लेकिन इसका असर सुनवाई पर नहीं हो रहा है, क्योकि सुनवाई के दौरान भी आदेश जारी हो रहे है, तो पटवारी उस आदेश की मैनुअल एंट्री कर रहे है, लेकिन आँनलाईन तभी हो पाएगी, जब पटवारियों का बहिष्कार समाप्त होगा।

### 90 दिन के अंदर करना होता है नामांतरण

रजिस्ट्री कराने के बाद नामांतरण 90 दिनों के अंदर करना अनिवार्य है, लेकिन पटवारियों के ऑनलाइन काम का बहिष्कार किए जाने के कारण कई ऐसे प्रकरण भी अटके हुए हैं, जिसकी रजिस्ट्री हुए दो महीने से ज्यादा समय बीत चुका है। पटवारियों का ऑनलाइन काम का बहिष्कार जारी रहा, तो निर्धारित समय- सीमा भी खत्म हो सकती है। हालांकि विभागीय अधिकारियों का कहना है कि समय-सीमा खत्म होने से पहले नामांतरण हो जाएंगे।

### हर दिन हो रही रजिस्ट्री, पर नामांतरण एक का भी नहीं

पंजीयन दफ्तर में हर दिन रजिस्ट्री हो रही है। रजिस्ट्री के बाद पंजीयन विभाग से रजिस्ट्री का डाटा ऑनलाइन तहसील की आईडी में ट्रांसफर कर दिया जा रहा है, जिसके बाद रजिस्ट्री जिसके नाम पर की गई है, उसके नाम पर नामांतरण किया जाता है। यह काम 16 तारीख से बंद है। नामांतरण की प्रक्रिया ऑनलाइन होती है, इसके लिए पटवारी का प्रतिवेदन भी जरूरी है, लेकिन ऑनलाइन का काम बंद होने के कारण पटवारी प्रतिवेदन भी नहीं दे रहे हैं, जिससे नामांतरण भी नहीं हो पा रहे हैं।

### किसान हो रहे हैं परेशान

धान खरीदी के दौरान समितियां के द्वारा किसानों को दी गई लोन की जमा किए जाने के बाद लोन की प्रविष्टि हटा दिए जाने के कारण ऐसे किसानों के बी 1 में पुनः डिजिटल हस्ताक्षर करने की आवश्यकता है। विभिन्न कार्यों में नक्शा खसरा एवं बी 1 नकल के लिए किसान तहसील ऑफिस के चक्कर लगा रहे हैं, जबकि पटवारी की ऑनलाइन हड़ताल के कारण नए डिजिटल हस्ताक्षर नहीं हो पा रहे है। इसके कारण किसान बेहद परेशान हो रहे है।

# देवी-देवताओं की पूजा एवं कलश यात्रा के साथ 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़



अंतागढ़ में चार दिवसीय चलने वाले 51 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन गायत्री परिवार अंतागढ़ एवं नगरवासी के द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर के देवी देवता की पूजा तथा कलश यात्रा निकालकर की गई, जिसमें सांसद सहित श्रद्धालु भारी संख्या में शामिल हुए।

51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन अंतागढ़ में किया जा रहा है। नगर के सभी देवी-देवता, आंगादेव, डांग-डोली को पुजारियों द्वारा उन्मुक्त खेल मैदान में लेकर पहुंचे, जहां विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात गायत्री माता की जय, महादेव की जय के नारों के साथ कलश यात्रा निकली गई। सैकड़ों की संख्या में माता-बहने अपने सिर पर कलश रखकर यात्रा में शामिल हुई। कलश यात्रा में बच्चो से लेकर वृद्ध महिलाएं शामिल हुई, जिन्हे, 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ कलश यात्रा में शामिल होने का सौभाग्य मिला। कलश यात्रा में सांसद के साथ साथ नगरवासी हजारों की संख्या में माता बहन जिले भर से आए गायत्री परिवार के सदस्य और आसपास क्षेत्र से आए श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। कलश यात्रा उन्मुक्त खेल मैदान से होते गोल्डन चौक से मद्रासी पारा से वापस उन्मुक्त खेल मैदान पहुंची। पंडित के द्वारा कलश तथा माता गायत्री गुरुदेव, गुरुमाता की तिलक वंदन कर पूजा अर्चना किया गया, इसके साथ-साथ 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ किया गया।

चार दिनों तक चलने वाले महायज्ञ से अंतागढ़ का माहौल पूरा धार्मिकमय हो गया और इस महायज्ञ में कांकेर जिला के अलावा कोंडागांव, नारायणपुर, कोंडागांव, जगदलपुर व अन्य जिलों से भी श्रद्धालु पहुँचे है। यह श्रद्धालु चार दिनों तक आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता दिखाएंगे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई शुरू, लाइसेंस होंगे निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



खंडी नदी पुलिया भानुप्रतापपुर के पास दो दिन पहले हुई दर्दनाक सड़क हादसा में पांच लोगो की मौत होने के बाद यातायात विभाग ज्यादा ही सक्रिय हो गया। सड़क दुर्घटना में रोक लगाने के लिए यातायात विभाग लगातार प्रयास कर रही है। चेक पोस्ट लगाकर ओवर स्पीड वाहन और शराब पीकर वाहन चलाने वालो के खिलाफ कार्यवाही लगातार किया जा रहा है।

खंडी नदी पुलिया के पास 27 नवंबर को चार पहिया वाहन के चालक ने दो बाईक को जबरदस्त टक्कर मार दिया था। टक्कर इतना भयंकर था कि हादसे में पांच लोगो की मौत हो गई, जिससे दो कॉलेज के छात्रा थे। चारपहिया वाहन का चालक शराब के नशे में धुत था, जिसके कारण वह वाहन से नियंत्रण हो गया और गंभीर हादसा हो गया। शराब पीकर वाहन चलाने और तेज रफ्तार से वाहन चलाते के ऊपर अब कार्यवाही करने के लिए यातायात पुलिस ने चेक पोस्ट लगाकर सघन जांच कर रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में आतुरगांव में ढाबा के आगे 29 दिसंबर की रात को चेक पोस्ट लगाकर राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले सभी चार पहिया वाहनों की जाँच किया गया। सभी वाहनों के चालकों का ब्रेथ एनालाईजर से जाँच किया गया। इस कार्यवाही से हडकंप मच गया। यातायात टीम के द्वारा 28 दिसंबर की राज की जाँच में शराब पीकर वाहन चलाने वाले 3 वाहन चालकों पर कार्यवाही किया गया। इसके अलावा 29 दिसंबर ▶▶| शेष पेज 10 पर



# जनपद सीईओ ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**दुर्गुकोंदल।** प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा किया गया दुर्गूकोदल 29 दिसंबर 2024 विकासखंड दुर्गूकोदल के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण विकासखंड के ग्राम पंचायत भीरावाही एवं परेकोडो में निरीक्षण करने जनपद पंचायत के सीईओ सुरेंद्र बंजारे पहुंचे। इस भीरावाही में बंद पड़े आंगनबाड़ी निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने सरपंच व सचिव को निर्देश दिया। ब्लॉक दुर्गूकोदल के 44 ग्राम पंचायतों में 4371 पीएम आवास की स्वीकृति मिली है। निरीक्षण के दौरान समन्वयक प्रमोद ठाकुर, सरपंच ,सचिव, रोजगार, सहायक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ताला तोड़कर मेडिकल स्टोर से नकद 26 हजार की चोरी, चोर की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जेल से मात्र 30 मीटर की दूरी और राष्ट्रीय राजमार्ग से लगी दवाई दुकान पर बीती रात को अज्ञात चोर घुसकर काउंटर में रखे नगदी रूपएं का गल्ला निकालकर फैले हुए नोट को एकत्र करके ले गया। दुकान मालिक की मानें तो दुकान से नगदी 26 हजार की चोरी अज्ञात चोर चोरी किया। पुलिस ने दुकान मालिक की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्जकर चोर की तलाश में जुट गई है। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे एकता नगर निवासी 51 वर्षीय विजय कुमार बुधवानी ▶▶| शेष पेज 10 पर





### जेल के संतरी पर लगा प्रश्न चिन्ह

मेडिकल दुकान जिसमें चोरी हुई है, यह दुकान जेल से लगभग 30 मीटर की दूरी पर है और जेल में संतरी रहता है। चोर का हौसला इतना बुलंद कि जेल का संतरी का भी डर नहीं दिखा। जेल के संतरी पर भी प्रश्न चिन्ह लग गया है, इसके अलावा जिला अस्पताल में रातभर आना जाना रहता है और वहाँ भी गार्ड रहते है, इसके बाद भी ऐसे स्थल पर चोरी हो जाना बड़ी बात है। पुलिस सुबह से आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुटी हुई है।

### चोर जल्द ही पकड़ा जाएगा

कोतवाली थाना प्रभारी मनीष नागर ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे में मिले फुटेज के आधार पर चोर की पहचान हो चुकी है, चोर स्थानीय है। उसके पकड़ने के लिए टीम को उसके घर के आसपास तैनात किया गया है और जल्द ही चोर को जेल की सलाखों में भेजा जाएगा।

## अवैध रेत खदान से उत्खनन को बंद करने की उठी माँग

# सरपंचों ने महानदी से हटाई चेन माउंटेन रेत उत्खनन एवं परिवहन दो दिन से बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा नाका में अवैध ढंग से वाहनों को जाने की परमीशन देने और अवैध ढंग से चल रही रेत खदान को लेकर लगातार आ रही शिकायतों का चार दिनों से हरिभूमि में लगातार प्रकाशन किया जा रहा है, जिसके चलते खनिज विभाग और एसडीएम ने सक्रिय होकर उनके निर्देश पर सरपंचो ने महानदी से चैन माउंटेन हटा लिया है और उत्खनन व परिवहन कार्य पूरी तरह से बंद कर दिया। एक से दो खदान जो चल रही थी, उनको लेकर दो



दिन पहले हुई मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद बवाल मच गया है। जानकारी के अनुसार चारामा नाका में बैठने वाले नगर सैनिक और खनिज विभाग के सिपाही का खेल उजागर होने के बाद चारामा में रेत उत्खनन को लेकर भाजपाईयों में आपस में हुई मारपीट के बाद माहौल पूरी तरह से गरमा गया है। इसी के चलते दो दिनों से रेत खदाने बंद है, हाईवा के पहिएं थम गए है। इसके अलावा सरपंचो ने चैन माउंटेन को नदी से हटा लिया है। हाराडुला में दो चैन माउंटेन सामाजिक भवन के पास खड़ी कर दी गई है, इसी तरह से अन्य खदान की चैन माउंटेन हटा ली गई है। अवैध ढंग से परिवहन को लेकर भी सख्ती बरती गई है और यह हिदायत दिया जा चुका है कि बिना पीटपास के कोई भी परिवहन नहीं होगा। भाजपाईयों के मध्य हुई मारपीट से बवाल पूरे प्रदेश तक पहुँच गया है।

इस मामले में चारामा नगर पंचायत के अध्यक्ष प्यारेलाल देवांगन का कहना है कि चारामा विकासखंड अंतर्गत भिरौद एवं तेलगुड़ा रेत खदान संचालित है, जहां से अवैध रूप से रेत परिवहन एवं नगर चारामा के क्षेत्र से दिन रात धड़ल्ले से हाईवा निकालने के कारण एनएच में चलना मुश्किल हो गया है। वार्डवासी सहित आमजनता और व्यापारी साथी धूल और कीचड़ के कारण मानसिक रूप से परेशान हैं। राहगीरों को आवागमन और व्यापार करना मुश्किल हो गया है। इसलिए हम चाहते हैं कि शासन प्रशासन अवैध रेत परिवहन को बंद करे ताकि जनहित में लोगो को कोई तकलीफ न हो।

# पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि



**भानुप्रतापपुर।** ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी भानुप्रतापपुर के द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व मनमोहन सिंह को शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर तथा नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी के द्वारा देश के लिए उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर अमृत संचेती, मुकेश चंद्राकर, गुरदीप सिंह ढींढसा, नरेंद्र कुलदीप, भगवान सिंह कुंजाम, नमन जैन, फुरकान अहमद, निकेश ठाकुर, आकाश यदु, निक्की ठाकुर, गोपाल राठी, अमर कचलाम, भगवती गजेंद्र, किरण डोंगरे, सीमा सेनगुप्ता, निर्मल शिवहरे, विवेक पांडे, अनुराग शर्मा, कमल साहू, हितेश रजक सहित अनेकों कांग्रेसी उपस्थित रहे।


## पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### श्रमिकों के पंजीकरण की अंतिम तारीख 31 तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। जिन निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण एक वर्ष या उससे अधिक समय से समाप्त हो चुका है और जिन्होंने आज तक पंजीकरण नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया है, वे 31 दिसंबर 2024 तक आवेदन कर सकेंगे। निर्माण श्रमिक अपनी पंजीकरण नवीनीकरण प्रक्रिया श्रमेव जयते मोबाईल ऐप, मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र की विभागीय वेबसाइट व च्वाइस सेंटर से कर सकेंगे। वहीं 31 दिसंबर 2024 के बाद जिनका पंजीकरण नवीनीकरण नहीं होगा, उन्हें अपंजीकृत माना जाएगा। अधिक जानकारी के लिए मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केन्द्र के हेल्पलाइन नंबर 0771-3505050 पर संपर्क किया जा सकता है।

### जिले में 12 हजार 680 टन धान की खरीदी

**रायपुर।** जिले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी की जा रही है। अब तक 139 उपार्जन केंद्रों से 964 करोड़ 43 लाख रुपए लागत के 4 लाख 19 हजार 167 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। वहीं शनिवार को जिले में 29 करोड़ 17 लाख रुपए कीमत की 3624 किसानों से 12 हजार 680 टन धान खरीदी की गई।

### शिवसेना ने सौंपा थाना प्रभारी को ज्ञापन

**रायपुर।** शिवसेना शिंदे गुट के रायपुर जिला उपाध्यक्ष देवराज साहू के नेतृत्व में न्यू राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में बढ़ रहे अपराध, सूखा नशा के विरोध में थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही करने की मांग की गई। देवराज साहू ने बताया सूखा नशा के कारण ही जगह–जगह लूट–पाट, चाकूबाजी को बढ़ावा मिल रहा है जिसके कारण शहर का माहौल खराब हो रहा है। और शहर में सूखा नशा का व्यापार राजेन्द्र नगर थाना केअंतर्गत खूब फल रहा है जिसको बंद कराने की मांग को लेकर शिवसेना रायपुर जिला इकाई के द्वारा सैकड़ो की संख्या में थाना के बाहर प्रदर्शन कर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया।

### मुख्यमंत्री साय ने कुशाभाऊ ठाकरे जेटली एवं पटवा को किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 28 दिसंबर को स्व. कुशाभाऊ ठाकरे और सुंदरलाल पटवा की पुण्यतिथि तथा अरुण जेटली की जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री साय ने कुशाभाऊ ठाकरे के देश के लिए योगदान को याद करते हुए कहा कि कुशाभाऊ नैतिकता, आदर्श व सिद्धांतों के प्रकाश स्तंभ थे। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण अटूट था। कुशाभाऊ ठाकरेजी ने समाज के प्रत्येक वर्ग की सुख-समृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से काम किया। उनके जैसे निष्काम कर्मयोगी के विचार और जीवनमूल्य हमें सदैव देश सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पद्मविभूषण स्व. अरूण जेटली की 28 दिसंबर को जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि जेटलीजी ने भारत के वित्त, रक्षा, कॉरपोरेट मामले, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण विभागों को कुशलता से संभाला।

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर परिवहन विभाग ने वसूला 2.27 लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के परिवहन विभाग ने यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। वर्ष 2024 के दौरान विभाग ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर 2 लाख 27 हजार 900 रुपए की चालानी कार्रवाई की है।

जिला परिवहन अधिकारी अतुल आसैया ने 27 दिसंबर को विशेष जांच अभियान के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छुट्टियों के दौरान बसों में ओवरसीटिंग और अधिक किराया वसूली की शिकायतें बढ़ जाती हैं। इसे ध्यान में रखते हुए विभाग ने सघन जांच अभियान चलाया। जिसमें बसों और मालवाहक वाहनों की गहन जांच की गई। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई की गई।

## छुट्टियों के दौरान बसों में ओवरसीटिंग और अधिक किराया वसूली की शिकायतें ज्यादा

सभी चालक कागजात रखें और यातायात नियमों का पालन करें



### सुरक्षा और अनुशासन ही है प्राथमिकता

जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई सड़क अनुशासन और यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से की जा रही है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे अपने सभी दस्तावेज अद्यतन रखें और यातायात नियमों का पालन करें। इस सख्ती से जहां यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा मिला है, वहीं यात्रियों की सुरक्षा में भी सुधार की उम्मीद है। कोण्डागांव का परिवहन विभाग सड़क सुरक्षा और यातायात अनुशासन सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

### अब तक 119 प्रकरण

परिवहन विभाग ने वर्षभर में यातायात नियमों के उल्लंघन के कुल 119 प्रकरण दर्ज किए है। इनमें बिना फिटनेस प्रमाणपत्र 24 मामलों में 83 हजार रुपए, प्रदूषण प्रमाणपत्र की कमी 28 मामलों में 37,200 रुपए, बिना लाइसेंस वाहन चलाना 37 मामलों में 29,700 रुपए का जुर्माना वसूला गया। बीमा की कमी के 11 मामलों में 33 हजार रुपए, तेज प्रेशर हॉर्न 15 मामलों में 26 हजार रुपए, परमिट उल्लंघन 4 मामलों में 19 हजार जुर्माना लगाया गया।

## सभी उपार्जन केंद्रों में 70 से 80 प्रतिशत धान का उठाव हो चुका

# धान के धीमे उठाव से परेशान समिति प्रबंधक ने कहा- मुझे लग रही नशे की लत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर जिले के उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदा जा रहा है। इस खरीदी के साथ छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ रायपुर द्वारा डीओ जारी कर मिलर्स के जरिए उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव भी कराया जा रहा है, लेकिन जिले में एक ऐसा उपार्जन केंद्र भी है, जिसके प्रबंधक को धीमी गति से धान का उठाव होने पर धान की सुरक्षा की चिंता सताने लगी है। प्रबंधक का कहना है कि इस चिंता के कारण उसे नशे की लत लगने लगी है, जबकि वह नशा करता नहीं है। यह मामला आरंग क्षेत्र के ग्राम गौरभाट उपार्जन केंद्र का है। यहां के प्रबंधक ने विपणन संघ को पत्र लिखकर जल्द से जल्द डीओ जारी कर धान का तेजी से उठाव कराने की मांग की है। इधर इस मामले में विपणन संघ के अधिकारी का कहना है कि गौरभाट को छोड़कर जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में 70 से 80 प्रतिशत धान का उठाव हो चुका है। गौरभाट उपार्जन केंद्र में भी करीब 60 प्रतिशत धान का उठाव हो चुका है, शेष धान के लिए भी जल्द डीओ जारी कर उठाव करा लिया जाएगा।

आरंग जिले के ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित गौरभाट 1686 के प्रभारी समिति प्रबंधक ने जिला विपणन संघ अधिकारी को 28 दिसंबर को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में बताया गया है कि उपार्जन केंद्र गौरभाट 44002701 में 14 नवंबर से लेकर 27 दिसंबर तक की स्थिति में अन्य धान के साथ 31872.40 क्विंटल सरना धान का उपार्जन किया जा चुका है। इसके अनुपात में अब तक मात्र 1120.00 क्विंटल सरना धान का डीओ जारी किया गया है। उन्होंने यह भी लिखा है कि प्रतिदिन खरीदी की लिमिट 1655.00 क्विंटल धान है। इस तरह खरीदी की तुलना में उठाव बहुत धीमा है। इसके कारण उसके उपार्जन केंद्र में धान का स्टॉक लगातार बढ़ रहा है, जिसकी सुरक्षा की चिंता उसे सताने लगी है। उन्होंने यह भी लिखा है कि वह नशा नहीं करता, लेकिन धान की चिंता के कारण उसे नशा करना पड़ है, जिससे उसे इसकी लत लग रही है।

### डीओ जारी करने के साथ तेजी से किया जा रहा उठाव

धान का डीओ जारी करने के साथ उठाव भी तेजी से किया जा रहा है। जिले में उपार्जन केंद्रों से अब तक 70 प्रतिशत धान का उठाव किया जा चुका है। शेष उठाव भी जल्द कर लिया जाएगा।

- जशबीर सिंह बघेल, डीएमओ सहकारी विपणन संघ रायपुर

### गौरभाट में 9320 क्विंटल का डीओ जारी, 5438.30 क्विंटल का उठाव

जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि गौरभाट में कुल 38288.40 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। इसकी तुलना में 9320 क्विंटल धान के लिए डीओ जारी कर दिया गया है, वहीं 5438.30 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। उन्होंने बताया कि गौरभाट इलाके के आसपास मिलर नहीं है, इसके कारण अन्य उपार्जन केंद्रों की तुलना में यहां उठाव थोड़ा धीमा होता है। उन्होंने बताया कि शेष धान के लिए भी जल्द ही डीओ जारी हो जाएगा और उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए जाएंगे। विभागीय अधिकारी के अनुसार जिले के 139 उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी की जा रही है। जिले में अब तक 4 लाख 20 हजार 139 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। इसके एवज में 3 लाख 15 हजार 563 मीट्रिक टन धान के लिए डीओ जारी किया गया है, वहीं 70 प्रतिशत धान का उठाव हो चुका है।

# शादी के लिए दबाव बनाने किया नाबालिग से दुष्कर्म, दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

■ युवक के साथ उसके भाई सहित दो हिरासत में

कोंडागांव जिले की फरसगांव थाने अंतर्गत शादी के लिए दबाव बनाने अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी और सहआरोपी उसके भाई को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने दोनों भाइयों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेजा है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी ने 25 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसला कर कहीं भगा कर ले गया है। रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रमांक 43/2024 व अपराध क्रमांक 176/2024 धारा 137 (2) बीएनएस. कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल , रूपेश कुमार डाण्डे (ऑप्स) के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अनिल विश्वकर्मा के पर्यवेक्षण में विवेचना के दौरान अपहृत पीड़िता व अज्ञात आरोपी की पतासाजी के दौरान आरोपी देवराज नेताम पिता स्व. रोयदूराम नेताम उम्र 19 वर्ष निवास मालाकोट और अपहरण करने में मदद करने वाले आरोपी के भाई प्रेमराज नेताम पिता स्व. रोयदूराम नेताम उम्र 22 वर्ष निवास मालाकोट को भी गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरूध्द धारा 137(2), 87,64(2) (ड), 3(5) बीएनएस, 4.6 पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तारी करने का पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से रविवार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

उक्त कार्रवाई में निरीक्षक संजय सिन्दे थाना प्रभारी, निरीक्षक राजकुमारी पाण्डेय रक्षित केन्द्र कोण्डागांव, महिला प्रधान आरक्षक साधना सिंह, पंछुराम मरकाम, आरक्षक कृष्ण कुमार सोनवानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# मनमोहन सिंह के अध्यादेश को फाड़कर राहुल गांधी ने किया था प्रधानमंत्री का अपमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज कुमार झा ने कहा, प्रणव मुखर्जी कोई अकेले नहीं थे। ऐसे तमाम कांग्रेस के नेता जिनका कद बड़ा हो गया, वे नेहरू-फिरोज परिवार के निशाने पर रहे। कांग्रेस के हर बड़े नेता से नफरत सी रही सोनिया परिवार को। प्रणव मुखर्जी को भारत रत्न भी नरेंद्र मोदी ने दिया। मनमोहन सिंह के अध्यादेश को उसी हिकारत के साथ फाड़ कर भारत के प्रधानमंत्री का अपमान किया था राहुल गांधी ने जिस हिकारत के साथ आज धर्मग्रंथ जलाए जा रहे हैं।

श्री झा ने कहा, तय मानिए, अगर आज कांग्रेस की सरकार होती न तो दिल्ली में मनमोहन सिंह को दो गज जमीन तो नसीब होना छोड़िए, दिल्ली के किसी सार्वजनिक शवदाह गृह तक में उनका अंतिम संस्कार तक नहीं दिया जाता। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव, जिनकी सरकार में वित्त मंत्री रहते मनमोहन सिंह ने वैश्विक यश प्राप्त किया था, उनके साथ क्या किया था सोनिया गांधी ने? वे कांग्रेस मुख्यालय में भी उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन हेतु रखने को तैयार नहीं थी। जब अत्यधिक दबाव के कारण नरसिम्हा राव को लाना पड़ा, तब मात्र 11 लोग उपस्थित थे, उनके दर्शन के लिए। कोई पूछेगा आज कांग्रेस से कि उतने बड़े व्यक्तित्व और विद्वान पूर्व प्रधानमंत्री की समाधि कहां है। हैदराबाद में उनके अंतिम संस्कार करने पर क्यों विवश किया गया। केवल इसलिए, क्योंकि सोनिया परिवार बिल्कुल नहीं चाहता था कि कोई और बड़ा कद दिल्ली में दिखे जो राजीव खानदान का न हो। नरसिम्हा राव से सोनिया गांधी के घृणा का एक कारण यह भी था कि उन्होंने श्रीअयोध्या में लाशें नहीं बिछने दी।

# नई मतदाता सूची तैयार होने के बाद ही होंगे नगरीय निकाय के चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर पालिकाओं और त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम चुनाव में मतदाता बनाने के लिए कार्यक्रमों में संशोधन किया गया है। नगर पालिकाओं और त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम चुनाव के लिए लोगों को मतदाता बनने का एक और अवसर प्राप्त हो गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया है। नगरीय निकायों और त्रि-स्तरीय पंचायतों के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2025 को होगा। नई मतदाता सूची तैयार होने के बाद ही नगरीय निकाय के चुनाव होंगे।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरीय निकायों और पंचायतों के मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 31 दिसंबर को किया जाएगा। मतदाता सूची उपलब्ध कराना, दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख 6 जनवरी 3 बजे तक, दावे-आपत्तियों का निपटारा 9 जनवरी को किया जाएगा।

नगरीय निकायों और पंचायतों के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी तय की गई है। ऐसे युवा मतदाता, जिन्होंने 1 जनवरी की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो, वह भी मतदाता बनने के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा कर सकेंगे। नई मतदाता सूची तैयार होने के बाद ही नगरीय निकाय के चुनाव होंगे।

### 11 जनवरी तक जुडेंगे नाम

नगर पालिकाओं और त्रि-स्तरीय पंचायतों के लिए निर्वाचक नामावली प्रारूप क-1 रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिष्ट्रीकरण अधिकारी का दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी और प्रारूप क-1 में प्राप्त आवेदनों का निराकरण की अंतिम तिथि 11 जनवरी निधारित की गई है। नगरीय निकायों और त्रि-स्तरीय पंचायतों के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी को किया जाएगा।

वनोपज राजकीय व्यापार अंतर्विभागीय समिति की हुई बैठक

# तेन्दूपत्ता संग्रहण प्रक्रिया की होगी ऑनलाइन मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इस साल से ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। यह जानकारी आज छत्तीसगढ़ के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित वनोपज राजकीय व्यापार अंतर्विभागीय समिति की बैठक दी गई। नवा रायपुर स्थित मंत्री निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में तेन्दूपत्ता संग्रहण, बांस की बहुउद्देशीय उपयोगिता और वनवासियों की आय बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।

राज्य में वर्तमान में तेन्दूपत्ता संग्राहकों से 5500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से क्रय किया जा रहा है। निजी क्रेताओं को प्रतिभूति राशि जमा करने की अवधि में 15 दिन का अतिरिक्त समय देने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही निजी गोदामों में भंडारण के लिए जमा सुरक्षा निधि की 100 प्रतिशत वापसी की सहमति भी दी गई। प्रबंध संचालक, वन विकास निगम द्वारा सरगुजा, जशपुर, सूरजपुर, और बैकुंठपुर में पाई जाने वाली पांच प्रजातियों के बांस का प्रस्तुतिकरण किया गया। इनमें रोपा, चांई, झींगी, कटंग और पहाड़ी बांस शामिल हैं। इन बांसों का उपयोग कागज, फर्नीचर, सजावटी सामान, टेंट, सेंट्रिंग, और सब्जी उत्पादन जैसे क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहा है। प्रारंभिक सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग 500 करोड़ रूपए मूल्य का बांस राज्य के कृषकों की भूमि पर उपलब्ध है। सब्जी उत्पादक कृषकों द्वारा प्रति वर्ष लगभग दस करोड़ रुपए के बांस का उपयोग किया जा रहा है।

### बांस के बाजार की मांगी रिपोर्ट



बैठक में जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय सड़क प्राधिकरण और रेलवे द्वारा बांस का उपयोग क्रेश बैरियर और फेंसिंग में किया जा रहा है, जिससे यह काष्ठ, एल्यूमिनियम और लौह का महत्वपूर्ण विकल्प बनता जा रहा है। मंत्री केदार कश्यप ने बांस बाजार का विस्तृत सर्वेक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने वनांचल में निवासरत परिवारों की आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने के लिए समर्थन मूल्य पर अधिक लघु वनोपज के संग्रहण को बढ़ावा देने के निर्देश भी दिए।

## सेंट्रल इंडिया का नया हब बनाने एनआरडीए ने दी 142 एकड़ जमीन

# नवा रायपुर में बनेगा राज्य का पहला फार्मास्यूटिकल पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में सेंट्रल इंडिया का नया फार्मास्यूटिकल हब बनने जा रहा है। फार्मास्यूटिकल पार्क से नए अनुसंधान, विकास और अंतर्राष्ट्रीय निवेश में वृद्धि के लिए नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा सेक्टर 22 ग्राम तूता में छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम को फार्मास्यूटिकल पार्क की स्थापना के लिए 141.84 एकड़ भूमि आबंटित की गई है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के साथ ही फार्मास्यूटिकल क्षेत्र को भी बढ़ावा दे रही है। उन्होंने बताया छत्तीसगढ़ में विश्व स्तरीय चिकित्सा सेवाएं आम लोगों को सहजता से सुलभ हो, इस सोच के साथ राज्य में चिकित्सा क्षेत्र में प्रभावी ईको सिस्टम तैयार करने की लगातार पहल की जा रही है। छत्तीसगढ़ को वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाने स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ और जनोन्मुख बनाना जरूरी है। फार्मास्यूटिकल पार्क की स्थापना इसी की एक कड़ी है। नई औद्योगिक नीति में भी फार्मास्यूटिकल क्षेत्र के उद्योगों को कई अनेक सुविधाएं और रियायतें दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

फार्मास्यूटिकल ईकाईयों को 12 वर्ष तक विद्युत शुल्क में छूट, स्टाम्प शुल्क से छूट, पंजीयन शुल्क एवं नवीन विद्युत कनेक्शन पर देय शुल्क में 50 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति सहित अन्य कई रियायतें दिए जाने का प्रावधान छत्तीसगढ़ सरकार की नवीन औद्योगिक नीति में किया गया है।

### फार्मास्यूटिकल इकाइयों को मिलेंगी सुविधाएं : चौधरी

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि फार्मास्यूटिकल पार्क में आयुष उत्पादों में विशेषज्ञता वाली फार्मास्यूटिकल इकाइयों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह पार्क फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स और एक कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) सहित आधुनिक बुनियादी ढांचे से लैस होगा। अनुसंधान और विकास केंद्र और परीक्षण प्रयोगशाला जैसी आवश्यक सेवाएं भी इसमें शामिल रहेंगी।

### अनुदान का भी प्रावधान

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में फार्मास्यूटिकल सेक्टर में वृहद उद्यम के लिए परियोजना में स्थायी पूंजी निवेश की मदों पर निवेश होने वाली राशि के 100 प्रतिशत तक औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन प्रदान किए जाने का प्रावधान है। फार्मास्यूटिकल इकाईयों को वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक से लेकर 12 वर्ष तक भुगतान किये गए नेट एसजीएसटी अधिकतम स्थायी पूंजी निवेश के 100 प्रतिशत तक की प्रतिपूर्ति किए जाने अथवा स्थायी पूंजी निवेश अनुदान दिए जाने का प्रावधान है। 50 करोड़ से अधिक किन्तु 200 करोड़ रुपए से कम पूंजी निवेश पर अनुदान की अधिकतम राशि 60 करोड़ रुपए, 200 करोड़ से अधिक किन्तु 500 करोड़ रुपए से कम के पूंजी निवेश 150 करोड़ रुपए का अनुदार तथा 500 करोड़ रुपए से अधिक पूंजी निवेश अधिकतम 300 करोड़ रुपए का अनुदान दिए जाने का प्रावधान भी छत्तीसगढ़ सरकार ने किया है।

## पेज 9 के शेष

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर...

को दिन में जाँच करने पर 2 वाहन चालक शराब पीकर वाहन चलाते हुए पकड़ में आएं, इन दोनो के खिलाफ भी नियमानुसार कार्यवाही किया गया। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात विभाग की नियमित चेकिंग की जा रही है, जो सप्ताहभर चलेगा। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ लाइसेंस निरस्त करने की प्रकिया की जाएगी।

### ताला तोड़कर मेडिकल...

पिता स्व. सहज राम बुधवानी ने पुलिस को बताया कि मेरी लक्ष्मी मेडिकल के नाम से जिला अस्पताल के सामने दुकान है। माँ का देहांत होने पर 25 दिसंबर को दोपहर 3 बजें दुकान में ताला लगाकर चला गया था। मृत्यु कार्यक्रम उपरांत 29 दिसंबर को सुबह करीबन पौने 9 बजें दुकान आया, तो देखा कि दुकान के शटर का ताला टूटा हुआ था।

दुकान में चोरी होने की अंदेशा पर दुकान का शटर को खोलकर दुकान के अंदर गया और देखा दुकान का सामान अस्त व्यस्त था। दुकान के काउंटर में रखे नगदी रकम लगभग 26 हजार रूपएं नही था।

पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जाँच करना शुरू कर दिया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305, 331 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। यह भी बात सामने आई है कि चोर को पकड़ने के लिए चोर के घर पहुँची, परंतु चोर पीछे के दरवाजे से खेत-खेत नौ दो ग्यारह हो गया।

खबर संक्षेप

## प्रधान न्यायाधीश, विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया केंद्रीय जेल का निरीक्षण

**रायपुर।** रायपुर के नवपदस्थ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलराम प्रसाद वर्मा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रमेश कुमार चौहान ने शनिवार को रायपुर केंद्रीय जेल पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल के पुरुष एवं महिला सेल को देखा। साथ ही जेल परिसर एवं जेल बैरकों की सफाई व्यवस्था तथा कैदियों को दिए जाने वाले भोजन आहार का भी निरीक्षण किया। न्यायाधीश बीपी वर्मा ने जेल में स्थापित लीगल एड क्लिनिक के क्रियान्वयन का अवलोकन किया। साथ ही लीगल एड डिफेन्स काउंसिल एवं न्यायमित्र (पीएलवी) को वहां रहने वाले कैदियों को हरसंभव विधिक सुविधा प्रदान किए जाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कोई भी बंदी बिना विधिक प्रतिनिधि या अधिवक्ता के न रहे, यह सुनिश्चित करने को कहा। न्यायाधीश ने विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से कैदियों को लीगल एड क्लीनिक की कार्यशैली के बारे में जानकारी दी।

## राज्यपाल ने 'लघु अटल' विकास को किया सम्मानित

**रायपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशती के अवसर पर राजभवन में काव्यांजलि का आयोजन किया गया। इस मौके पर राज्यपाल रमेन डेका ने अटलजी से जुड़े संस्मरणों को याद करते हुए उन्हें विराट व व्यक्तित्व का धनी बताया। अटलजी पर केंद्रित काव्यपाठ में अटलजी की भाव-भंगिमाओं के साथ ही हूबहू उन्हीं की शैली में उनकी कविताओं का पाठ, विचारों की अभिव्यक्ति बेहद जीवंत प्रभावी ढंग से विकास शर्मा ने प्रस्तुत की। राज्यपाल श्री डेका ने छत्तीसगढ़ सहित राष्ट्रीय स्तर पर लघु अटल के नाम से ख्यात विकास शर्मा को अनूठी प्रतिभा के लिए प्रतीक चिन्ह एवं राजकीय गमछा से सम्मानित किया।

### जैविक कृषि, नव गुरुकुल व एसएचसी सेंटर पहुंचकर प्रशासन के प्रयासों को बताया बेहतर

# केन्द्रीय राज्य मंत्री ने किया विकास कार्यों का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बाल मित्र पुस्तकालय, जैविक कृषि, नव गुरुकुल एवं एसएचसी सेंटर घोटपाल का अवलोकन भ्रमण किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री सर्वप्रथम मुख्यालय के चितांलका ग्राम स्थित बालमित्र पुस्तकालय पहुंची। शाला त्यागी बच्चों को नवीन शिक्षा के क्षेत्र में जोड़ने के लिए बच्चों की पुस्तकालय के साथ बाल-हितैषी जिला बनाने की पहल की गई है। जिले के जितने भी शाला त्यागी बच्चे है उन्हें बाल मित्र कार्यक्रम योजना से जोड़ा जाए। जिससे बच्चों का मन पुस्तकीय ज्ञान की और आकर्षित हो सके।

इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने मंत्री को बताया कि जिले में संचालित बाल मित्र पुस्तकालय एवं गतिविधि केन्द्र अभी तीन विकासखण्ड में प्रारंभ की गई है। बाल मित्र कार्यक्रम दंतेवाड़ा के बच्चों की शैक्षिक, सुरक्षा और विकासात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक अग्रणी पहल है। जिला प्रशासन और गैर-लाभकारी संगठन बचपन बनाओ के सहयोग से विकसित, यह कार्यक्रम पंचायतों में बाल मित्र पुस्तकालय सह गतिविधि केंद्र (बीएलसीएसी) की स्थापना पर केंद्रित है। ये केंद्र बच्चों के लिए शिक्षा के संदर्भ में सुरक्षित, सुलभ स्थान प्रदान करते हैं इस कार्यक्रम के द्वारा साक्षरता, सामाजिक भावनात्मक विकास और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा। इस पहल के केंद्र में बाल मित्र साथी के रूप में स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित कर सहयोग लिया जायेगा।

इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने उपस्थित बच्चों के साथ रुबरु होकर उनकी विभिन्न गतिविधियों को देख कर प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित बच्चों से उनके पढ़ाई विषयक पुस्तकों के बारे मे जानना चाहा। बच्चों ने भी उन्हें उत्साहपूर्वक विभिन्न पुस्तकों जैसे तीन साथी और मुन्नी करें बात बकरी के साथ जैसी किताबों के बारे में तथा इनसे संबंधित कविता सुनाया। इससे मंत्री ने बच्चों की तारीफ करते हुए उन्हें प्रोत्साहन दिया। इसके पश्चात उन्होंने कारली ग्राम अन्तर्गत जैविक कृषि कर रहे प्रगतिशील कृषक देवचंद यादव द्वारा किए जा रहे कृषि फार्मिंग को देखा। कृषक देवचंद यादव पीढ़ियों से जैविक कृषि के माध्यम से धान गोभी, करेला, मूली, बरबट्टी, धनिया और अन्य सब्जियों उगा रहे है। इस दौरान श्रीमती पटेल ने कहा कि जिले का जैविक कृषि की ओर बढ़ना एक प्रेरणादायक पहल है। जिला प्रशासन और कृषि विभाग के प्रयासों से 110 गांवों में 10,264 किसानों की 65,279 हेक्टेयर भूमि का जैविक प्रमाणीकरण किया जाना एक बड़ी उपलब्धि है। कारली गांव के देवचंद इस बदलाव का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। इसे व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। जैविक कृषि स्वास्थ्य के लिए लाभकारी और पर्यावरण के लिए अनुकूल है। इस तरह की सफल कहानियां अन्य किसानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगी और दंतेवाड़ा जैसे आकांक्षी जिलों में जैविक खेती को और गति प्रदान करेंगी।

इसके अलावा केन्द्रीय राज्य मंत्री द्वारा जावंगा स्थित नवगुरुकुल केंद्र का भी अवलोकन किया गया। नवगुरुकुल केंद्र के निरीक्षण के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री ने छात्र-छात्राओं से उनसे दिए जा रहे प्रशिक्षण के बारे में पूछा और मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। इस क्रम में उन्होंने गीदम स्थित 50 बिस्तर मातृ शिशु स्वास्थ्य अस्पताल एमसीएच सेंटर का भी अवलोकन करते हुए सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही उनके द्वारा गीदम ब्लॉक अन्तर्गत ग्राम घोटपाल स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भी निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि जिले में प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अन्तर्गत सप्ताह के दो दिन स्वास्थ्य शिविर लगाए जाते है इन स्वास्थ्य शिविरों में उच्च रक्तचाप, मधुमेह,जैसे बीमारियों के जांच के साथ-साथ आयुष्मान कार्ड पंजीयन की भी सुविधा दूर दराज ग्रामीणों को उपलब्ध कराई जाती है। इसे वे ग्रामीणों लाभान्वित हो रहे है जो कारणवश जिला चिकित्सालय नियमित जांच हेतु नहीं आ पाते। गाँव के समीप ही स्वास्थ्य शिविर के आयोजन से ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो रही हैं। यहां निरीक्षण के दौरान केन्द्रीय राज्य मंत्री ने यहां उपस्थित मितानिनों, चिकित्सकों के साथ-साथ मरीजो के साथ भी अनौपचारिक चर्चा किया तथा उनसे केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं से लाभान्वित होने को कहा। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, एसडीएम, अभिषेक तिवारी, सीएमएचओ डॉ. अजय रामटेके, उपसंचालक कृषि सूरज पंसारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मानसिक रूप से बीमार महिला का रेप, हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



**कोतवाली थाना क्षेत्र में तीन माह पूर्व की घटना**

कोतवली थाना क्षेत्र के टिकरापारा स्थित पुजारी पार्क के पास तीन माह पूर्व मानसिक रूप से बीमार महिला की मौत की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। महिला की लाश संदिग्ध हालत में ऑटो डील के सामने एक चारपहिया वाहन में मिली थी। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही थी। पीएम रिपोर्ट में महिला की रेप के बाद गला घोंटकर हत्या की पुष्टि ते बाद पुलिस ने सीसीटीवी फूटेज के आधार पर महिला के साथ रेप, हत्या के आरोप में दो लड़कों को गिरफ्तार किया है।

महिला की लाश पुलिस को आठ सितंबर को मिली थी। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर पुलिस को सब कुछ सामान्य मिला। मौके पर सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल करने पर बाइक सवार दो युवक घटनास्थल के पास संदिग्ध हालत में दिखे थे। पहले पुलिस ने महिला की सामान्य मौत मानकर मर्ग कायम कर मामले की जांच की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद संदिग्ध हालत में बाइक सवार जो दो युवक दिखे थे, पुलिस ने उनके संबंध में जानकारी जुटाई। पतासाजी करने पर लड़कों की पहचान सफाई कर्मी भाठागांव निवासी सिद्धार्थ दीप उर्फ उड़चंद तथा दाउद दीप के रूप में हुई। घटना के बाद पुलिस ने सिद्धार्थ को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने अपने साथी के साथ मिलकर महिला का रेप, हत्या का अपराध कबूल किया।

## डूमरतराई में निगम की 2 एकड़ जमीन पर बनेगा इलेक्ट्रानिक कमर्शियल मार्केट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- निगम आयुक्त ने मांगा प्लान
- बांड प्लान में लाने की तैयारी



डूमरतराई में नगर निगम की 2 एकड़ खाली पड़ी जमीन पर थोक इलेक्ट्रानिक कमर्शियल मार्केट बनेगा। इसके लिए निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने प्रभारी कार्यपालन अभियंता से प्रस्ताव मांगा है। व्यापार-व्यवसाय की व्यापक संभावना और डूमतराई थोक मार्केट की नजदीकी को देखते हुए निगम इसे बांड के रूप में लाने की तैयारी में है। नगर निगम आयुक्त ने शनिवार को राजधानी में चल रहे निर्माण कार्यों का स्थल पर जाकर निरीक्षण किया। पचपेड़ी नाका से पुराना धमतरी रोड के डिवाइडर में पेंटिंग और सौंदर्यीकरण कार्य की प्रगति देखी।

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने प्रभारी कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा की उपस्थिति में जोन 10 क्षेत्र के माध्यम से ठेका एजेंसी से कराये जा रहे कार्य का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। जोन 10 के जोन कमिश्नर और कार्यपालन अभियंता को रोड डिवाइडर में पेंटिंग और सौंदर्यीकरण कार्य की सतत मानिटरिंग करने और कार्य को जल्द पूरा करने निर्देश दिये। डूमतराई मार्केट में नगर निगम की 2 एकड़ जमीन सालों से खाली पड़ी है। पूर्व में इस जमीन पर पीपी मोड में बहुमंजिला व्यावसायिक परिसर बनाने की योजना रही। इसके लिए सर्वे भी कराया गया, पर बात नहीं बनी। डूमतराई मार्केट का विस्तार होने के बाद इस बेशकीमती जमीन पर अब थोक इलेक्ट्रानिक कमर्शियल मार्केट बनेगा। इसके लिए निगम आयुक्त ने भौतिक और तकनीकी सर्वे कराकर जल्द प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये हैं।

## ऑनलाइन विदेशी सामान भेजने का झांसा देकर 25 लाख की ठगी, चार जालसाज गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- झारखंड से गिरफ्तार आरोपी ने महिला को विदेशी सामान बेचने का झांसा देकर बनाया था ठगी का शिकार



ऑनलाइन विदेशी सामान भेजने का झांसा देकर महिला से 25 लाख 20 हजार रुपए ठगी करने के आरोप में आमानका थाने की पुलिस झारखंड, धनबाद से चार जालसाजों को गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर रायपुर लाई है। जालसाजों ने सात माह पूर्व महिला को ठगी का शिकार बनाया था। जालसाजों के खिलाफ पुलिस को देश के कई अन्य राज्यों में भी ठगी करने की जानकारी मिली है। जालसाजों ने और किन-किन राज्यों में ठगी की है, इस संबंध में पुलिस, जालसाजों से पूछताछ कर रही है।

अनुराधा सिंह से ठगी के आरोप में पुलिस ने झारखंड, धनबाद निवासी साकुर अहमद, राजा मुराद, अरसद अंसारी तथा मोहम्मद सबा करीम को गिरफ्तार किया है। महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पास 12 मई को अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने महिला को झांसा दिया कि वह ऑनलाइन सामान बेचने का काम करता है। जालसाज के झांसे में आकर महिला ने ऑनलाइन विदेशी सामान मंगाने का आर्डर दिया। आर्डर देने के कुछ दिन बाद जालसाज के एक साथी ने अपने आपको कस्टम ऑफिसर बताकर महिला के कस्टम ड्यूटी तथा अन्य चार्ज के नाम पर अकाउंट में रकम ट्रांसफर कराया।

# ओलंपिक में पायल कवासी और पुनेम का दमदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/ कोंटा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 117 वीं कड़ी में रविवार को बस्तर ओलंपिक का उल्लेख करते हुए इसे क्षेत्रीय विकास और युवाओं की ऊर्जा का प्रतीक बताया है।

उन्होंने कहा कि यह खेल आयोजन केवल एक खेल महाकुंभ नहीं, बल्कि बस्तर में एक नई सामाजिक और सांस्कृतिक जागरण का प्रतीक है। मोदी ने सुकमा जिले में उभरते खेल प्रतिभाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सुकमा की पायल कवासी की बहादुरी कम प्रेरणादायक नहीं है। जेवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीतने वाली पायल कहती हैं अनुशासन और कड़ी मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। सुकमा के दोरनापाल के पुनेन सन्ना की कहानी तो नए भारत की प्रेरक कथा है। एक समय नक्सली प्रभाव में आए पुनेम व्हीलचेयर पर दौड़कर मेडल जीत रहे हैं। उनका साहस और हौसला हर किसी के लिए प्रेरणा है। उल्लेखनीय है कि बस्तर ओलंपिक 2024 के दौरान पारंपरिक खेल भाला फेंक में पायल कवासी ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया था।

- अनुशासन और कड़ी मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं



### पारंपरिक खेलों को मिली नई पहचान

बस्तर ओलंपिक में परंपरागत खेलों तीरंदाजी, खो-खो, कबड्डी और रस्साकशी भाला फेंक जैसे खेलों का आयोजन किया गया। यह आयोजन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पहल पर बस्तर संभाग में न केवल खेल कौशल को निखारने का एक मंच बना, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को उजागर करने के साथ ही मुख्य धारा से जोड़ने का भी अवसर देना था। ग्रामीणों और महिलाओं की भागीदारी ने यह साबित कर दिया कि सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिलने से ये क्षेत्र भी प्रगति की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं।

### प्रधानमंत्री का जताया आभार

पायल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया और कहा कि हम जैसे छोटे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत बहुत धन्यवाद। मन की बात में सुकमा जिले के खिलाड़ियों का जिक्र करना हम सभी दूरस्थ वनांचल के खिलाड़ियों के लिए गौरवशाली पल है।

## भाजपाइयों ने ग्रामीणों के साथ सुनी पीएम की मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहण्डीगुड़ा



लोहण्डीगुड़ा मंडल के गढ़िया शक्ति केन्द्र में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात 117वां एपिसोड कार्यक्रम को देवतुल्य भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासियों के साथ श्रवण किया।

प्रधानमंत्री ने बस्तर ओलंपिक का जिक्र करते हुए हमारे बस्तर की खेल प्रतिभाओं का गौरव बढ़ाया। बस्तर ओलंपिक से बस्तर में एक नई क्रांति जन्म ले रही है, हमारे युवा एक नए भारत का निर्माण कर रहें हैं। आज के मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने बस्तर ओलंपिक की सराहना की है और कहा बस्तर में एक अनूठा ओलंपिक शुरू हुआ है। इस दौरान भरत कश्यप, मेनुधर सेठिया, पीलूराम बघेल, अजय बघेल, तुलसी सेठिया, संजय मिश्रा, विकास कुमार निराला, महेश कश्यप एवं देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## बस्तर जिला कांग्रेस ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

**जगदलपुर।** रविवार को राजीव भवन में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. डॉ.मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। राजीव भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा स्व.डॉ. मनमोहन सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर शुरुआत की गई। कांग्रेस परिवार द्वारा स्व.मनमोहन सिंह के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया गया एवं उनकी यादों को स्मरण कर दो मिनट का मौन भी रखा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सुशील मौर्य ने कहा कि स्व.डॉ.मनमोहन सिंह को उनके गरिमामय आचरण, सार्वजनिक सेवा की प्रतिबद्धता, अथाह ज्ञान और विनम्रता के लिए हमेशा याद रखा जाएगा। वह अपने पीछे आर्थिक सुधारों, राजनीतिक स्थिरता और प्रत्येक भारतीय के जीवन के उत्थान के लिए समर्पण की विरासत छोड़ गए हैं। पहले एक नौकरशाह और फिर प्रधानमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल सराहनीय रहा। अपने शांत लेकिन असरदार नेतृत्व के लिए विख्यात,वह एक सिद्धांतवादी व्यक्ति थे।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर Sorry bhai से
SORRY BHAI ड्राई जगहों मे पानी निकाल कर देने की ठेका लेते है
ऐसे लोग जो बार-बार बोर करवा कर परेशान हो चूके है फिर भी पानी नही निकाल पा रहे है तो SORRY BHAI को पानी निकाल कर देने के लिए ठेका दे दो।
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
पैसा पानी निकलने के बाद देना

Health Town
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

आवेदन आमंत्रित
पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)
अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।
- स्वयं का वाहन होना चाहिए।
- 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
- आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा 2 जनवरी 2025 तक जमा करें।
- किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
- मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।
आवेदन करें
Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

## खबर संक्षेप



### विराट हिन्दू सम्मेलन में सैंकड़ों की घर वापसी

**जगदलपुर।** जांजगीर चांपा जिले के सक्ति में सनातन हिन्दू पंचायत सम्मेलन कार्यक्रम में बस्तर सांसद महेश कश्यप शामिल हुए। विराट हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम में रामबालक दास महाराज , साध्वी प्रज्ञा ठाकुर व भाजपा नेता प्रबल प्रताप जूदेव ने 600 परिवार के लोगों के पैर धुलाकर एवं तिलक लगाकर उन्हें मूल हिन्दू धर्म में वापसी कराया। इस कार्यक्रम में बाबा रामरूप दास, बाबा अजय उपाध्याय ने मौजूद लोगों को धर्म के प्रति प्रवचन के माध्यम से जागरूक किया।

### उद्यानिकी महाविद्यालय में बस्तर के खिलाड़ियों ने जीते मेडल

**जगदलपुर।** शासकीय उद्यानिकी महाविद्यालय में अंतर क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान पूरे छत्तीसगढ़ के उद्यानिकी महाविद्यालय से 160 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें शासकीय उद्यानिकी महाविद्यालय, जगदलपुर के खिलाड़ियों ने बैडमिंटन में महिला एकल, महिला डबल्स, पुरुष एकल और पुरुष डबल्स में सभी क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों को क्लीन स्वीप करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया । इस दौरान विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. दीक्षित ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना से खेलने की हिदायत देते कहा कि अपने सपनों को हकीकत में बदल दो आज तुम सबके पास एक मौका है । उठो और आगे बढ़ो और अपना और अपने परिवार अपने गांव अपने देश का नाम रोशन करो । मैदान में खेल के दौरान अधिकारी, कर्मचारी, खिलाड़ी, राष्ट्रीय सेवा योजना के विकास पटेल के साथ सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### अयप्पा स्वामी का 18 कलश महापड़ी पूजा 3 जनवरी को

**भोपालपटनम।** 3 जनवरी को नगर के स्व. राजेंद्र पामभोई मिनी स्टेडियम में अयप्पा स्वामी का 18 कलश महापडी पूजा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन अयप्पा स्वामी सेवा समिति भोपालपटनम के द्वारा किया जाएगा। उक्त आयोजन में छत्तीसगढ़ समेत महाराष्ट्र ,तेलंगाना एवम आंध्रप्रदेश के भक्त भी आयेंगे। जिसकी तैयारी जोरो पर चल रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नगर अयप्पा स्वामी समिति भरपूर मेहनत कर रहे हैं तथा अधिक से अधिक लोगों को इस आयोजन में सम्मिलित होने के लिए सभी के घर पर संपर्क कर रहे हैं। यहा पहले भी कई बार ऐसा आयोजन नगर के शिव मंदिर में हो चुकी है। इस बार के आयोजन में सकड़ों भक्तों की आने की जानकारी मिल रही हैं। जिसके चलते पूजा स्थल का चयन मिनी स्टेडियम रखा गया है। जहा भक्तों को पूजा-अर्चना में जगह को लेकर कोई परेशानी उठानी नहीं पड़ेगा।

# महिला उत्पीड़न पर वाल्मीकि कालेज में एक दिनी कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिला उत्पीड़न के संदर्भ में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ रश्मि सिंह के दिशानिर्देश व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रशांत पैकरा, थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख के सहयोग व उपनिरीक्षक थाना अंतागढ़ हेमलता परिहार के विषय विशेषज्ञ की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यशाला के संयोजक सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र सुषमा चालकी द्वारा स्वागत उद्बोधन करते हुए उपस्थित छात्रों को महिला प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित महिला उत्पीड़न के संदर्भ में विभिन्न प्रकार के गतिविधियों से अवगत करते हुए जानकारी साझा की। तपश्चात विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित उपनिरीक्षक हेमलता परिहार द्वारा महिलाओं के ऊपर घटित अपराधों को कैसे रोके व असामाजिक तत्वों को कैसे पहचान करके अपने माता-पिता के साथ अन्य ऐसे व्यक्ति जिन पर भरोसा किया जा सकता है उससे साझा करें अगर आप महाविद्यालय में हो तो आपको सीधे महिला प्राध्यापकों को बताना है। छात्रों को आगे बताये की अगर आप के साथ किसी भी प्रकार की घटनाएं होती है, तो उसे हर हाल में बताना ही है। आगे आप घटना के बारे में नहीं बताएंगे तो वो व्यक्ति की हौसला और बढ़ेगा फिर आपको ज्यादा परेशान करने लगेगा और यह घटना बड़ी घटना भी बन सकता है। इससे बहेतर है कि आप अपने साथ घटित परेशानियों को बताए किसी के माध्यम से भी पुलिस तक पहुँचे फिर आगे की कार्य पुलिस करेगा। पुलिस आपकी जानकारी पूरी तरह से गोपनीय रखकर कार्य करेगी।

### अत्याचार का विरोध जरुर करें




#### पुलिस से सहयोग जरुरी

किसी भी अपराध को खत्म करने के लिए जब तक आप सब पुलिस के साथ मिलकर कार्य नहीं करोगे तब तक हम एक बेहतर समाज के निर्माण में अपना योगदान नहीं दे सकते। कार्यशाला के अंत में विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित परिहार को संयोजक महिला प्रकोष्ठ एवं संस्था के वरिष्ठ प्राध्यापक द्वय श्यामानंद डहेरिया, रमेश कुमार दर्रो, क्रीड़ाधिकारी चेतन श्रीवास्तव द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ व बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहे।

### विरोध : भैंसगाव में हुई बैठक, रावघाट से प्रभावित 52 गांव के लोगो में आक्रोश

# अंजरेल मुद्दा गरमाया, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने जताई गहरी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

- जनप्रतिनिधियों ने दोनों समितियों को एकजुट होकर काम करने की बात कहीं
- बीएसपी के अफसरों की लालफीताशाही पर जनप्रतिनिधि जमकर बरसे



रावघाट परियोजना को लेकर बीएसपी प्रबंधन ने संघर्ष समिति के सामने रावघाट विकास समिति को खड़ा कर दिया और दोनो समिति एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप में फंस गए। सांसद एवं विधायक दोनो समिति को एकजुट करने प्रयास किया और बैठक किया गया। अंजरेल गाँव जो कांकेर जिला में था, उसे बीएसपी नारायणपुर जिला में मानकर सीएसआर की राशि नारायणपुर जिला में खर्च कर रहे है, इससे रावघाट से प्रभावित 52 गाँव के लोगो में आक्रोश बना हुआ है। अंजरेल को बिना परसीमन के नारायणपुर में बताए जाने पर विरोध जताया गया और यह मुद्दा अब गरमाना तय है।

सांसद भोजराज नाग ने कहा कि रावघाट परियोजना में इको डेवलपमेंट कार्य के नाम पर बंदरबांट किया गया। फारेस्ट विभाग को एजेंसी बनाकर मजदूरों को दो सौ रुपए मजदूरी दी गई एवं इको डेवलपमेंट के 189 कार्यों की जांच कर फारेस्ट कर्मचारी अधिकारी पर एफआईआर की जाएगी। रावघाट क्षेत्र के प्रभावितों के साथ समन्वय स्थापित कर ब्लॉक स्तर पर एक व्यवस्था बनाकर आगे क्या क्या करना हैं उस पर विचार किया जाएगा। विधायक विक्रम उसेंडी ने रावघाट परियोजना पर कहा अंजरेल माइंस एवं गांव अन्तागढ ब्लॉक का हिस्सा है, जिसे अब नारायणपुर का बताया जा रहा है, इसका विरोध होगा बगैर परिसीमन हुए कैसे नारायणपुर जिले में शामिल किया गया। अंतागढ तहसील कोलर परगना के लोगों के अधिकार को ध्यान में रखकर आपसी सहमति बनाकर रावघाट परियोजना के अस्सी प्रतिशत हिस्से पर बात की जाएगी। पूर्व विधायक अनूप नाग ने कहा समितियों के खंडित होने से कुछ नही कर पाएंगे। पूरे ब्लॉक के लोगों को जोड़कर एक नई समिति बनाने की आवश्यकता है। जनपद अध्यक्ष बद्रीनाथ गावड़े ने कहा हमें बांटने का प्रयास किया जा रहा है। एक व्यवस्था बनाकर रावघाट क्षेत्र के साथ-साथ पूरे ब्लॉक के लोगों को एक होकर रावघाट परियोजना पर चर्चा होनी चाहिए। भैंसगाव के स्कूल मैदान में सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र लोगों के अलावा रावघाट संघर्ष समिति के अध्यक्ष सोमनाथ उसेंडी, रावघाट विकास समिति के अध्यक्ष सुरेश नुरूटी, राधेलाल नाग, संतोष सुखदेवे, निर्मल नाग, लक्ष्मण ठाकुर, कृष्णा कुमार, महावीर एवं क्षेत्र के वर्तमान एवं पूर्व सरपंच, बेरोजगार युवक व युवतियों के अलावा किसान, मजदूर व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार व जेल दाखिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा

थाना नरहरपुर अंतर्गत दुधावा चौकी क्षेत्र की बुजुर्ग महिला के साथ कुकर्म करने वाले आरोपी को दुधावा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। आरोपी घटना के बाद से फरार था। पतासाजी के दौरान मुखबिर ने बताया कि मामले में फरार आरोपी रायपुर में रह रहा है। पुलिस ने घेराबंदी को आरोपी को पकड़ा और न्यायलय में पेश किया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 13 दिसंबर को पीड़िता घर पर अकेली थी। रात करीबन 9 बजें आरोपी मेहत्तर मरकाम शराब के नशे में धुत होकर पीड़िता के घर पहुंचा और कमरा में घुसकर पीड़िता को जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। घटना के बाद से आरोपी फरार था, जिसका पतासाजी के लिए उच्च अधिकारी एसपी आईके एलेसिला के आदेशानुसार व एएसपी दिनेश कुमार सिन्हा के दिशा निर्देशानुसार एवं उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी अविनाश ठाकुर के मार्गदर्शन में आरोपी का लगातार पतासाजी करने में पुलिस जुट गई। आरोपी का रायपुर में छिपे होने की जानकारी मिलने पर चौकी प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में टीम रायुपर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर चौकी लाया गया।

घटना के संबध में बारिकी से पूछताछ करने से अपराध करना कबूल करने पर आरोपी भीमाडीह निवासी मेहत्तर मरकाम पिता कांशीराम मरकाम को 28 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। कार्यवाही में चौकी प्रभारी, सउनि छत्रपाल सिंह साहू एवं चौकी के अन्य स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# गांव-गांव में शराब की अवैध बिक्री से युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में, महिलाएं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

विकासखण्ड भानुप्रतापपुर अंतर्गत ग्राम केंवटी के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब बिक्री किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में आसानी से शराब मिल जाने से शराब प्रेमी अत्याधिक शराब का सेवन करते है और यह समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है। गांव-गांव में हो रहे इस अवैध कारोबार से महिलाएं और युवा सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीण अंचलों में अवैध शराब का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है, जिसमें खासतौर पर युवा वर्ग शराब एवं अन्य नशीली वस्तुओं के मकड़जाल में फंसता जा रहा है। गांव-गांव में आसानी से अवैध रूप से शराब बिकने से गांव के पूरे युवा वर्ग इसके चपेट में आ रहे है। शराब विक्रय से महिलाओं का जीवन कठिन हो गया है। युवा नशे की लत में पड़ रहे हैं और गांव में विवाद बढ़ रहा हैं। यहां शराब के कारण गांव-गांव में वाद-विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। छोटे बच्चे व युवा वर्ग नशे के गिरफ्त में आ गए हैं। सेल्समैन और कोचियों की सांठगांठ से यह कारोबार बढ़ रहा है। शराब बेचने वाले अवैध कारोबार से जुड़े लोग धड़ल्ले से बिना किसी कानून की डर से शराब की अवैध बिक्री कर रहे हैं। सवाल ये है क्या अवैध शराब बिक्री होने की गोपनीय जानकारियों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।




#### दुगुनी कीमत पर हो रही बिक्री

अवैध शराब बेचने वाले मुनाफा के चक्कर में शराब दुकान से ज्यादा मात्रा में शराब दुकान में कार्यरत कर्मी से सांठगांठ कर शराब खरीदकर दोगुने कीमत में बेचते हैं, जिससे शराब पीने वाले को सुबह सरकारी शराब दुकान खुलने का इंतजार नहीं करना पड़ता।

#### शासन के नियमों का नहीं हो रहा पालन

शराब बिक्री को लेकर शासन के तरह-तरह के नियम व मापदंड सुनिश्चित कर रखे हो, लेकिन सरकारी शराब दुकान में यह सभी नियमों का पालन नहीं हो रहा है, जिसका फायदा शराब कोचिए उठा रहे हैं और जितनी मात्रा में शराब की खरीदी करनी है, उतना एक ही दिन में बार-बार खरीद लेते है। देशी व अंग्रेजी शराब दोनों शराब की अवैध बिक्री रोजाना हो रही है। आबकारी विभाग की उदासीनता के चलते ही ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह अवैध शराब आसानी से उपलब्ध है।



### विवान स्मृति क्रिकेट कप में हानपतरी सेमीफायनल में

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत पॉवर क्रिकेट क्लब लोहत्तर के तत्वाधान में पांच दिवसीय विवान स्मृति कप 2024 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ 27 दिसंबर को हुआ, वहीं समापन कल 31 दिसंबर को होगा। टूर्नामेंट का शुभारंभ लोहत्तर सरपंच बसंती भालेशवर के मुख्य आतिथ्य तथा पूर्व सरपंच व क्लब के उपाध्यक्ष भीखम देहारी की अध्यक्षता में किया गया। विशेष अतिथि के शाउमावि लोहत्तर प्राचार्य एसएस नेगी, लोहत्तर थाना निरीक्षक मनीष नेताम, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक दिनेश ठाकुर, लोहत्तर के नागरिकों नंदलाल दुग्गा, गिरवर सिंह ठाकुर, जयराम दुग्गा की उपस्थित हुआ। टूर्नामेंट में 32 पंचायत स्तरीय टीम प्रतिभागी रहेंगी। प्रथम दिवस के उपरांत महामाया की टीम तथा द्वितीय दिवस के उपरांत हानपतरी की टीम सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुकी है।

# छग सर्व पिछड़ा वर्ग का आज नगर बंद पदाधिकारियों ने तैयारी का लिया जायजा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पिछड़ा वर्ग समाज के साथ धोखे के विरोध 30 दिसंबर को बस्तर संभाग सहित बालोद, मानपुर व नगरी में भी बंद का आव्हान छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज ने किया है। छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के द्वारा पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या का गणना करने का निर्देश राज्य सरकारों को दिया था, जिसके आधार पर छग सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन कर पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या का गणना किया गया। अक्टूबर में मुख्यमंत्री को रिपोर्ट आयोग के अधिकारियों के द्वारा दिया गया। राज्य सरकार ने गंभीरता पूर्वक पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या का गणना ही नहीं कराया, जो पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन किया गया था, उसमें एक भी सदस्य बस्तर संभाग का नहीं लिया गया था और जो सदस्य नियुक्त किए गए थे, उनके द्वारा एक भी बार बस्तर संभाग के किसी भी अधिकारी या कलेक्टरों की बैठक नहीं ली गई। राज्य सरकार द्वारा जान बूझकर नगर पालिका व नगर निगम संशोधन विधेयक एवं पंचायती राज संशोधन विधेयक 2024 में संशोधन कर 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को बढ़ाकर संविधान में दिए हुए पिछड़ा वर्ग के अधिकारों को समाप्त कर दिया, जबकि 50 प्रतिशत आरक्षण अनारक्षित है। आजादी के 75 साल बाद संवैधानिक अधिकारों का हनन किया गया। आज लगभग छत्तीसगढ़ के 20 जिलों में आरक्षण को शून्य किया गया है। यह सरकार पिछड़ा वर्ग को पंच पद भी नहीं देना चाहता है, जबकि भारत सरकार द्वारा पूरे देश में 27 प्रतिशत आरक्षण लागू है। संवैधानिक पदों पर बैठे कलेक्टर भी दंतेवाड़ा जिले में पिछड़ा वर्ग के लोगों को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया है। राजाराव पठार में छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग समाज के आंदोलन में हमारे साथी आसकरण पटेल का निधन हो गया। हम समाज वाले मांग करते हैं कि उन्हें 50 लाख की मुआवजा राशि प्रदान करे। साथ ही वीणा गजेंद्र पिता पुरुषोत्तम गजेंद्र का अस्पताल प्रबंधन द्वारा लापरवाही से 26 नवंबर को मौत हो गई थी, जिसमें एमएमआई नारायणा अस्पताल का लाइसेंस रद्द कर न्यायिक जांच करने की मांग भी छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज ने किया है। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिला की प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

### भ्रमण अर्थात पत्रकारिता एवं समाचार पत्र की नवीनतम तकनीक से परिचय कराना है

# विद्यार्थियों ने बस्तर का किया शैक्षणिक भ्रमण और प्रिंटिंग प्रेस तथा आकाशवाणी की जानी कार्यप्रणाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर




शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के बीए पत्रकारिता एवं जनसंचार के विद्यार्थियों ने एक दिवसीय बस्तर का शैक्षणिक भ्रमण किया। पत्रकारिता एवं जनसंचार के विभागाध्यक्ष श्रीदाम ढाली, उपासना निषाद, नानिगोपाल बाला के नेतृत्व में 45 विद्यार्थियों का भ्रमण दल ने बस्तर के पर्यटन स्थल एवं धार्मिक स्थलों के साथ ही ऑल इंडिया रेडियो आकाशवाणी जगदलपुर, पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस का भी भ्रमण किया।

सर्वप्रथम दंतेवाड़ा की माँ दंतेश्वरी के दर्शन कर भ्रमण की शुरुआत किया, जिसमें मंदिर से संबंधित ऐतिहासिक एवं धार्मिक जानकारियां भी प्राप्त की। वहीं बहने वाली शंखनी एवं डंकनी नदियों से 35 किमी दूर तीरथगढ़ जलप्रपात का एवं चित्रकूट जप्रपात के साथ-साथ प्रसार भारती से संचालित आकाशवाणी व पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस जगलपुर का भ्रमण किया। यह शैक्षणिक भ्रमण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह के दिशानिर्देश में हुआ। उन्होंने कहा कि इस तरह के भ्रमण से विद्यार्थियों को विषय से संबंधित प्रायोगिक जानकारी मिलती है, जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई करने में लाभ मिलती है। सभी विद्यार्थियों को आल इंडिया रेडियो स्टेशन आकाशवाणी के प्रसारण कक्षों से कार्यक्रमों का संचालन कैसे किया जाता है, कैसे होता है, कैसे प्रोग्राम एवं समाचार रिकार्ड होता है, कैसे रेडियो के माध्यम से सुन पाते हैं। इन सभी के बारे में रेडियो प्रसारण कक्ष में रेडियो प्रसारण अधिकारी ने जानकारी दिए और साथ ही देशभक्ति गीत, भजन, कहानियां, पुस्तक वाचन की विभिन्न विधाओं में हिंदी, छत्तीसगढ़ी, गोंडी और अंग्रेजी भाषाओं में अपनी प्रस्तुति बहुत ही रोचक तरीके से देकर विद्यार्थियों को स्टूडियों में जानकारी दी, जिसके लिए विद्यार्थियों ने आकाशवाणी प्रमुख ऋषि का धन्यवाद भी किया।

विद्यार्थियों ने प्रिंट मीडिया से संबंधित पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस का भी शैक्षणिक भ्रमण किया। पत्रिका के संपादक मनीष गुप्ता एवं प्रिंटिंग प्लांट अधिकारियों ने विद्यार्थियों को प्रिंटिंग प्रेस के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने पीडीएफ फाइल को कैसे अख़बार में बदला जाता है, इसकी पूरी प्रक्रिया को प्रायोगिक तौर पर करके बताया और साथ ही नित्य हो रहे बदलाव के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों के लिए अखबार छपने से लेकर पाठकों तक पहुंचने की प्रक्रिया जानना निःसंदेह आश्चर्यजनक था। पूरे भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों की जिज्ञासा, उत्सुकता और ललक देखने लायक थी। विद्यार्थियों के लिए यह अनूठा अनुभव था। भविष्य में यह ज्ञान पत्रकारिता के इन विद्यार्थियों को अपने ज्ञान एवं कौशल को बढ़ाने में निश्चित ही मददगार होगा। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर के मीडिया विभाग के सहायक प्राध्यापक निरंजन कुमार से मुलाकात कर पत्रकारिता एवं जनसंचार पढ़ाई के बारे में जानकारी प्राप्त किए।

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष श्रीदाम ढाली ने कहा कि यह शैक्षणिक भ्रमण मीडिया के विद्यार्थियों को पत्रकारिता एवं समाचार पत्र की आधुनिक एवं नवीनतम तकनीक से परिचय कराना था और साथ ही इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से भ्रमण कराया गया है। निश्चित ही यह भ्रमण विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य की प्राप्ति में मददगार साबित होगी।

### विद्यार्थी खेल भावना के साथ खेलें और जीते पदक : सांसद

**जगदलपुर।** क्रांतिकारी डेबरीधुर उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में 27 से 29 दिसंबर तक तीन दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय इंटर जोनल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। 27 दिसंबर को उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सांसद महेश कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय पांडे पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद उपस्थित रहे। डॉ.अमित दीक्षित कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी एवं क्रांतिकारी डेबरीधुर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित एवं 2 मिनट का मौन-धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।

